30-09-2021

## भारतीय बैक संघ- आई. बी. ए.

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. भारतीय बैकिंग के विकास समन्वय एवं मजबूती के लिए 1946 में भारतीय बैंक संघ की स्थापना की गयी थी।
2. आई. बी. ए. नई प्रणालियों को कार्यान्वयन एवं सदस्यों के बीच मानकों को अपनाने सहित विभिन्न तरीकों से सदस्य बैंकों की सहायता करता है।
3. भारत का केवल एक बैंक विश्व के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में शामिल है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-मुबंई में आयोजित इंडियन बैंक एसोशियेशन की 74 वीं जनरल मीटिंग को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा है , भारत को तीव्र आर्थिक विकास के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसी 4 या 5 बैंकों की आवश्यकता है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- सन् 1969 बैकों के राष्ट्रीयकरण के बाद जिस रफ्तार से भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है, उसके अनुसार बैंकिग क्षेत्र में विकास नही हो पाया। भारत का केवल एक बैंक विश्व के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में शामिल है।
- भारतीय बैकिंग के विकास समन्वय एवं मजबूती के लिए 1946 में भारतीय बैंक संघ की स्थापना की गयी थी।
- भारत 22 बैंकों के प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय के रूप में स्थापित आई. बी. ए. वर्तमान में 237 बैंकिंग कम्पनियों का प्रतिनिधित्व प्रदान करता है।
- आई. बी. ए. नई प्रणाली का कार्यान्वयन एवं सदस्यों के बीच मानकों को अपनाने सहित विभिन्न तरीके से सदस्य बैंकों की सहायता करता है।
- बैंक के समक्ष चुनौतियाँ है, डिजिटल साक्षरता का अभाव साइबर हमलों के प्रति भारत को अति सुभेद्य बनाता है, डिजिटल गैप की चुनौति से निपटाना बैकिंग क्षेत्र के समक्ष एक बड़ी चुनौति है।
- बडे बैंकों के लाभः -छोटे बैंकों का विलय कर बड़े बैकों का निर्माण करने का सुझाव

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

नरसिम्हन समिति 1991-1998 ने अपनी सिफारिश में किया था।

- बड़ी बैंक के निम्नलिखित लाभ हैं: - बैंकों का आकार बड़ा होने से व्यावसायिक लागत में कमी आती है, व्यावसायिक मानकों में सुधार के अलावा बैंकों का बड़ा आकार होने से भारतीय बैंकिंग प्रणाली सुदृढ़ बनेगी, विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में।

## भगवान नटराज

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. नटराज 'नृत्य के भगवान' हिंदू भगवान शिव ब्रह्मांडीय नर्तक के रूप में विशेष तौर पर दक्षिण भारत में कई शैव मंदिरों में धातु या पत्थर की मूर्तियों के रूप में पाए जाते है।
2. नटराज के ऊपरी दाहिने हाथ में डमरू है, जो सृजन की ध्वनि का प्रतीक है। सभी रचनाएं डमरू की महान ध्वनि से निकलती हैं।
3. यह चोल मूर्तिकला का एक महत्वपूर्ण भाग है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रधानमंत्री को 157 कलाकृतियों और पुरावेशेषों को सौपा जिसमें नटराज की एक कास्य मूर्ति भी शामिल है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- 10 वीं शताब्दी में बने बलुआ पत्थर में रेवंता का बेस रिलीफ पैनल-56 टेराकोटा के टुकडे, कई कास्य मूर्तियां तथा 11 वीं और 14 वीं शताब्दी से संबंधित तांबे की वस्तुओं का एक विविध सेट भी इस मूर्ति के साथ सौंपा गया।
- सौंपी गई वस्तुओं की सूची में 18 वीं शताब्दी की तलवार भी शामिल है, जिनमें फारसी में गुरू हरगोबिंद सिंह का उल्लेख है।
- इसके अतिरिक्त कुछ ऐतिहासिक पुरावशेषों में हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म से संबंधित मूर्तियां भी शामिल है।
- नटराज के ऊपरी दाहिने हाथ में डमरू है, जो सृजन की ध्वनि का प्रतीक है।
- निचला बायां हाथ ऊपर उढे हुए पैर की और इशारा करता है, और मोक्ष के मार्ग को इंगित करता है।
- शिव एक बौने की आकृति पर नृत्य कर रहे हैं। बौना अज्ञानता और व्यक्ति के अहंकार का प्रतीक है।
- नटराज जगमगाती रोशनी के एक बादल/निंबस से घिरा हुआ है, जो समय के विशाल

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

अंतहीन चक्र का प्रतीक है।

## आयुध निर्माणी बोर्ड

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 16 जून को OFB को नियमित करने की एक लंबे समय से लांबित सुधार योजना को मंजूरी दी थी।
2. OFB में 41 कारखानों है, और इसे DPSUs की तर्ज पर 7 पूरी तरह से सरकारी स्वामित्व वाली कार्पोरेट संस्थानों में नियमित किया गया था।
3. 1 अक्टूबर के बाद इसकी संपत्ति कर्मचारियों और प्रबंधन को 7 नवगठित रक्षा सर्वाजनिक क्षेत्र के उपक्रमों DPSUS में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- रक्षा मंत्रालय ने 1 अक्टूबर 2021 से आयुध निर्माणी बोर्ड को प्रभावी रूप से भंग करने का आदेश जारी किया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- 1 अक्टूबर के बाद इसकी संपत्ति, कर्मचारियों और प्रबंधन को 7 नवगठित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों DPSUs में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
- यह आदेश OFB को समाप्त कर देगा।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 16 जून को OFB को निगमित करने की एक लंबे समय से लंबित सुधार योजना को मंजूरी दी थी।
- OFB में 41 कारखाने है, और इसे DPSUS की तर्ज पर 7 पूरी तरह से सरकारी स्वामित्व वाली कार्पोरेट संस्थानों में निगमित लिया गया था।
- सभी 41 उत्पादन इकाईयों और चिन्हित गैर-उत्पादन इकाईयों का प्रबंधन नियंत्रण संचालन और रखरखाव अक्टूबर से 7 सरकारी कंपनियों को हस्तांतारित कर दिया जाएगा।
- सरकार के आदेशानुसार OFB ग्रूप ए, बी और सी के 70000 से अधिक कर्मचारी जो उत्पादन इकाईयों और पहचान की गई गैर-उत्पादन इकाईयों से संबंधित है। उन्हें नए

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

DPSUs में स्थानांतरित किया जाएगा।

- OFB को उत्पादक और लाभदायक संपत्तियों में बदलने उत्पाद श्रृंखला में विशेषज्ञता को गहरा करने प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और गुणवत्ता और लागत दक्षता में सुधार के उद्देश्य से पुनर्गठित किया जा रहा है।
- नए DPSUs को अवशोषित कर्मचारियों की सेवा शर्तों से संबंधित नियम और विनियम बनाने की आवश्यकता है।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS